मुख्यमंत्री ने हवालबाग में दो दिवसीय आजीविका महोत्सव का शुभारंभ किया

चर्चा में क्यों?

17 दिसंबर, 2021 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा के हवालबाग में दोदिवसीय आजीविका महोत्सव का शुभारंभ किया। साथ ही हवालबाग में स्थित रूरल बिज़िनेस इन्क्यूबेटर सेंटर का भी उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रूरल बिज़िनेस इन्क्यूबेटर सेंटर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना एवं उद्यम स्थापना हेतु प्रारंभ से अंत तक उद्यमियों को सहयोग प्रदान करना है। इसके साथ-साथ युवाओं को रोज़गार सृजन, व्यवसाय सहयोग, नए विचार व तकनीक को बढ़ावा देना आदि इसके उद्देश्य हैं।
- इसके उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अल्मोड़ा व पौड़ी में रूरल बिज़िनेस इन्क्यूबेटर सेंटर की स्थापना की गई है। इस सेंटर से आम आदमी को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इससे पलायन रोकने में मदद मिलेगी।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि उत्तराखंड की प्रगति के लिये मिलकर कार्य करें। सभी विभागीय अधिकारियों को 10 वर्ष तक का रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिये गए हैं, जिससे आने वाले उत्तराखंड के विकास की नींव रखी जा सके।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 49.19 करोड़ रुपए की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया तथा 27 स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं के तहत चेक भी वितरित किये।
- आजीविका महोत्सव के दौरान उद्यान विभाग द्वारा यूरोपियन वेजिटेबल की खेती, पर्यटन विभाग द्वारा होमस्टे योजना, पशुपालन विभाग द्वारा व्यावसायिक मुर्गी पालन, उद्योग विभाग द्वारा मार्केटिंग एवं पैकेजिंग, एनआरएलएम व आजीविका द्वारा वैल्यू चैन व कृषि विभाग द्वारा वृक्ष आयुर्वेद कृषि पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।
- ज़िलाधिकारी वंदना सिंह ने आजीविका महोत्सव का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य अल्मोड़ा जनपद के अंतर्गत आजीविका के क्षेत्र में युवाओं, ग्रामीण महिलाओं, बेरोज़गारों, कृषकों को बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं व उद्योग स्थापित करने के संबंध में ऋण प्राप्त करने की जानकारी देना है।
- इस कार्यक्रम में भूटेखान पार्टी बाडमेर राजस्थान द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य पेश किये। इस कार्यक्रम में उद्यान, कृषि, आजीविका, ग्राम्या विभाग, महेन्द्रा क्लब, मोक्सा रिटेंट, सहकारिता, चाय विकास बोर्ड, राजकीय किशोरी गृह बख, आजीविका मिशन, नेशनल रूरल लाइवहुड मिशन के स्टॉल भी लगाये गये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-launches-two-day-livelihood-festival-at-hawalbagh